तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 15.4 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार 5 फरवरी 2026

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, खेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज


## खबर संक्षेप

### इलाज के दौरान मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** आमाबेड़ा थाना क्षेत्र के संजय कोर्राम का इलाज के दौरान मौत हो गया। अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में 23 जनवरी को गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसके कारण उसकी मौत हो गई।

### भण्डारडिगी एकलव्य में कल वार्षिकोत्सव

**दुर्गूकोंदल।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भण्डारडिगी में वार्षिक उत्सव का आयोजन 06 फरवरी को होगा। संस्था के प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 2 बजे दीप प्रज्वलन के साथ होगा। मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मनोज सिंह मंडावी और अध्यक्षता सरपंच रमुला राजेन्द्र नरेटी रहेंगी।

### चिनौरी के प्राचार्य ने दिया न्योता भोज



**चारामा।** शासकीय हाई चिनौरी विकासखंड चारामा के प्राचार्य सुशीला गढ़पाले ने अपने जन्मदिन पर न्यौता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीईओ केशव साहू, बीआरसी कृष्ण कुमार गंजीर, खरथा प्राचार्य प्रजापति, अरौद प्राचार्य हरिश्चन्द पोटाई ,सराधू नवागांव मिडिल स्कूल प्रधान पाठक बीरबल गढ़पाले, संकुल समन्वयक दिनेश कुमार साहू, मिथलेश मेश्राम, जनक लाल ठाकुर, पुरुषोत्तम निषाद के अलाावा चिनौरी संस्था के व्याख्याता चेतन जैन, मदन जैन, हिरामन साहू, रानी योगी, योगिता वट्टी, प्रअ अनुराधा ठाकुर, शिक्षक सुरेश प्रधान, बोधन साहू, ओम प्रकाश रात्रे, कुसुमलता निषाद, भोज सलाम, कीर्ति साहू, सहयोगी स्टाफ यामिनी साहू, जोहतरीन कोर्राम, तिलेश्वरी कोड़ोपी उपस्थित रही।

### सोनपाल में प्रो-कबड्डी प्रतियोगिता 14 से होगी

**दुर्गूकोंदल।** बड़गांव के सोनापाल में जय माँ शीतला नव युवक समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय प्रो-कबड्डी प्रतियोगिता सीजन-04 का शुभारंभ 14 फरवरी को होगा। पुरुष कबड्डी का प्रथम पुरस्कार 20,001 रूपये व ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 10,001 रुपये व ट्रॉफी, तृतीय पुरस्कार 5,001 रुपये व ट्रॉफी तथा चतुर्थ पुरस्कार 2,501 रुपये व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। महिला कबड्डी का प्रथम पुरस्कार 5,001 रुपये व ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 2,501 रुपये व ट्रॉफी तथा तृतीय पुरस्कार 1,001 रुपये व ट्रॉफी रखा गया है। इसके अतिरिक्त बेस्ट रेडर, बेस्ट डिफेंडर एवं बेस्ट ऑल-राउंडर को विशेष ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। दूसरे दिन शाम 6 बजे से रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। इसमें आर्कषक पुरूस्कार दिए जाएंगे।

### अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर।** लोहत्तर थानांतर्गत कोहकाहंड़ी और सोनादाई जाने वाले मार्ग पर सड़क दुर्घटना में घायल का मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक सिलपट निवासी 45 वर्षीय रामलाल पुरामे पिता स्व. रघुनाथ पुरामे का मौत 26 जनवरी को सोनादई जाने वाली रोड कोहकाहंड़ी मंदिर के पास शाम करीबन साढ़े 7 बजें अज्ञात वाहन के चालक द्वारा एक्सीडेंट करने से आई गंभीर चोट के कारण हुआ। पुलिस ने आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# धान खरीदी में किसानों को राहत, मुख्यमंत्री विष्णुदेव के निर्देश पर दो दिन की अतिरिक्त व्यवस्था, सरकार की संवेदनशीलता उजागर:साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रदेश के किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य सरकार ने धान खरीदी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण राहत प्रदान की है। इसके अंतर्गत प्रदेशभर में तीन श्रेणियों के किसानों को धान विक्रय के लिए अतिरिक्त दो दिवस का अवसर दिया गया है। अब ऐसे किसान 05 एवं 06 फरवरी 2026 तक निर्धारित उपार्जन केंद्रों में धान विक्रय कर सकेंगे। यह निर्णय विशेष रूप से उन किसानों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जो विभिन्न तकनीकी अथवा प्रशासनिक कारणों से निर्धारित समयावधि में धान विक्रय नहीं कर पाए थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार अतिरिक्त अवधि में जिन किसानों को धान विक्रय की अनुमति दी गई है, उनमें पहली श्रेणी वे किसान हैं, जिन्होंने 10 जनवरी 2026 के पश्चात टोकन हेतु आवेदन किया था, लेकिन उनका सत्यापन पूर्ण नहीं हो सका। दूसरी श्रेणी में वे किसान शामिल हैं, जिन्होंने 10 जनवरी 2026 के बाद आवेदन किया और सत्यापन के उपरांत उनके पास धान पाया गया। वहीं तीसरी श्रेणी में ऐसे किसान हैं, जिन्हें 28 जनवरी, 29 जनवरी एवं 30 जनवरी 2026 को टोकन प्राप्त हुआ था, लेकिन किसी कारणवश वे निर्धारित तिथि पर धान विक्रय नहीं कर सके। राज्य सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस अतिरिक्त अवधि के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए सभी उपार्जन केंद्रों में बारदाना, हमालों एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। जिला प्रशासन को भी सतर्कता बरतते हुए खरीदी कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए कहा गया है।

### 5-6 फरवरी को निर्धारित उपार्जन केंद्रों में होगी खरीदी

#### विश्वास होगा मजबूत

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं कांकेर प्रभारी मंत्री ने हरिभूमि से बात करते हुए कहा कि सरकार का यह निर्णय किसानों के प्रति संवेदनशीलता और उनकी उपज के सुरक्षित एवं निर्बाध विक्रय के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार निरंतर यह सुनिश्चित कर रही है कि किसानों को उनकी मेहनत का पूरा मूल्य समय पर प्राप्त हो और किसी भी किसान को तकनीकी अथवा प्रक्रियागत कारणों से नुकसान न उठाना पड़े। यह पहल प्रदेश के अन्नदाताओं के विश्वास को और मजबूत करेगी।



## पखांजूर में मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ की कार्रवाई

# नशीली दवाइयों का अवैध धंधा बेनकाब मेडिकल स्टोर सील, आरोपी सलाखों में

*पखांजूर क्षेत्र में प्रतिबंधित नशीली दवाइयां बेचने वाले मेडिकल संचालक पर सख्त कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने उसकी दुकान को सील कर दिया है। यह कार्रवाई न केवल कानून के प्रति सख्त संदेश है, बल्कि युवाओं और समाज को नशे से बचाने की दिशा में एक अहम कदम भी माना जा रहा है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 2 फरवरी को पखांजूर थाना पुलिस ने ग्राम उजाला पीव्ही-02 निवासी प्रकाश बैरागी को छोटेकापसी के हाईस्कूल खेल मैदान के पास संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से अलट्रासिन कंपनी की ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड और पैरासिटामोल दवा की कुल 19 स्ट्रिप यानी 282 टेबलेट और बिक्री से प्राप्त 1000 रुपये नकद बरामद किया गया। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी बिना वैध अनुमति के प्रतिबंधित श्रेणी की नशीली दवाइयों की अवैध बिक्री कर रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 (बी) के तहत अपराध क्रमांक 30/2026 दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस कार्रवाई से साफ है कि जिले में नशे के कारोबार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

■ युवकों को नशे से बचाने की मुहिम तेज, पुलिस ने जानकारी देने किया आवाहन

पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक राखेचा के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुर्रे के मार्गदर्शन में 04 फरवरी को आरोपी की कापसी स्थित मेडिकल ▶▶| शेष पेज 10 पर




#### कार्रवाई टीम में शामिल

दुकान को सील करने की कार्यवाही में पखांजुर थाना प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण केवट, उपनिरीक्षक विजय कुलदीप एवं अन्य पुलिस स्टाफ, मेडिकल टीम से ड्रग्स इंस्पेक्टर मनीष मण्डावी और राजस्व टीम से नायब तहसीलदार युवराज साहू शामिल रहे।



#### प्रतिबंधित दवाइयों की बिक्री से रहे दूर

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने इस कार्रवाई के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया है कि नशीली दवाओं का अवैध व्यापार समाज और युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। ऐसे मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाएगी। मेडिकल दुकान के संचालकों को मीडिया के माध्यम से कहा कि वे नियमों का पालन करें और किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित दवाइयों की अवैध बिक्री से दूर रहें। आम नागरिकों से अपील की है कि नशा शरीर और समाज दोनों के लिए घातक है, इसलिए इससे दूर रहें और दूसरों को भी जागरूक करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि, अवैध दवा बिक्री या नशे से जुड़े अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 9479155125 जारी किया गया है।

## तालाब में मिली थी युवती की लाश

# अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी दो गिरफ्तार, बाइक-मोबाइल जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

चौकी दुधावा पुलिस ने ग्राम बांगाबारी में मिली अज्ञात युवती की हत्या की गुत्थी को महज दो दिन के भीतर सुलझाते हुए दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कि है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकल एवं मोबाइल फोन भी जब्त किया है।

■ मृतिका की पहचान बासनवाही निवासी नेहा वट्टी के रूप में हुई

जानकारी अनुसार 2 फरवरी को ग्राम बांगाबारी के बुढ़ा तालाब स्थित पचरी में एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। ग्राम बांगाबारी निवासी दशरथ नेताम द्वारा चौकी दुधावा में घटना की जानकारी दी गई। जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ किया गया। तालाब में साड़ी से लिपटा शव मिलने पर हत्या की आशंका जताई गई। पहचान के प्रयास में शव का फोटो सोशल मिडिया पर साझा किया गया, जिससे मृतिका की पहचान ग्राम बासनवाही निवासी 18 वर्षीय नेहा वट्टी पिता कलस राम वट्टी के रूप में हुई। मामले कि गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए पुलिस ने धमतरी जिला के ग्राम जबर्रा निवासी 33 वर्षीय बिरेन्द्र ध्रुव एवं 23 वर्षीय भागवत ध्रुव को गिरफ्तार किया। पूछताछ में मुख्य आरोपी बिरेन्द्र ध्रुव ने मृतिका से प्रेम संबंध होना स्वीकार किया। आरोपी पहले से शादीशुदा था और मृतिका द्वारा ▶▶| शेष पेज 10 पर

# डवरखार पंचायत में विकास को मिली गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

नरहरपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत डवरखार में विकास कार्यों को नई रफ्तार मिली है। विधायक आसाराम नेताम के कर-कमलों से 59 लाख रुपये की लागत से होने वाले महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का विधिवत भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर गांव में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला, जहां ग्रामीणों ने विकास की शुरुआत का स्वागत किया।

■ 59 लाख के कार्यों का किया गया भूमि पूजन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक आसाराम नेताम ने कहा कि सरकार क्षेत्र के



समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे का सशक्तिकरण ग्रामीण जीवन को आसान बनाता है और विकास की मजबूत नींव रखता है। भूमि पूजन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत डवरखार में 59 लाख रुपये की लागत से बनने वाले पुल निर्माण कार्य तथा आश्रित ग्राम शिंगनापुर में 10 लाख की लागत ▶▶| शेष पेज 10 पर

### कोदापाखा की 32 छात्राओं को मिली सरस्वती सायकिल



**दुर्गूकोंदल।** शाउमावि कोदापाखा में नवमी की 32 छात्राओं को जनपद सदस्य मुख्य अतिथि हेमलता उइके, अध्यक्षता सरपंच सोमनाथ नेताम और सियाराम पोटाई के विशेष आतिथ्य में छात्राओं को साइकिल दी गई। मुख्य अतिथि ने कहा कि शासन की एक अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरदर्शी योजना है, जिसका उद्देश्य छात्राओं की शिक्षा को बढ़ावा देना है। सरपंच ने कहा कि अंदरूनी क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को इस योजना से बड़ा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में पालक बसंत कुमार बघेल, ▶▶| शेष पेज 10 पर

# ऑपरेशन उजियारा : 7 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त, महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन उजियारा के अंतर्गत थाना नरहरपुर पुलिस ने अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने में सफलता प्राप्त की है । पुलिस ने एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध देशी महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 3 फरवरी को मुखबिर से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 15 नरहरपुर निवासी वत्सला टेकाम पति स्व. विनोद टेकाम अपने घर में अवैध रूप से बिक्री के उद्देश्य से महुआ शराब छिपाकर रखी है । जानकारी की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी महिला के घर पर रेड ▶▶| शेष पेज 10 पर



#### पुलिस टीम का रहा योगदान

इस सफल कार्यवाही में थाना प्रभारी नरहरपुर निरीक्षक सोमेश बघेल, प्रधान आरक्षक खेमराज नेताम, आरक्षक निलेश साहू और महिला आरक्षक सरिता गोटी की मुख्य भूमिका रही।

#### पुलिस की जनता से अपील की

कांकेर पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि अपराध पर नियंत्रण पाना पुलिस और जनता की साझा जिम्मेदारी है । किसी भी संदिग्ध या अपराधिक गतिविधि की जानकारी देने के लिए पुलिस ने अपराधिक हेल्पलाइन नंबर 94791-55125 जारी किया है । पुलिस ने आश्वासन दिया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

## चिंतन मनन से अंत:करण में विवेक उत्पन्न होगा



# भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य के धुल जाते है पाप : आशुतोष चैतन्य महराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ठेलकाबोड़ के एकता नगर कालोनी में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक आशुतोष चैतन्य महराज ने कहा कि यदि कोई मनुष्य पाप कर्म में लिप्त है, वह यदि भागवत कथा सुन ले तो उसके सारे पाप धुल जाते हैं। साथ ही भविष्य में अगर वह पाप कर्म नहीं करे तो वह मनुष्य दिव्यात्मा बन जाता है।

ग्राम ठेलाकाबोड़ एकता नगर कालोनी में 3 फरवरी से जायसवाल परिवार निवास में भागवत कथा शुरू हुई जो 10 फरवरी तक चलेगी। कथा के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई थी। भागवत कथा डिडोंरी आश्रम के ब्रम्हचारी कथावाचक आशुतोष चैतन्य महाराज सुना रहे हैं। कथावाचक ने सुष्टि



रहस्य, गौकर्ण कथा सुनाते हुए कहा कि संत के मिलन होने से ही अनेक प्रकार के दुख जीवन से भाग जाते हैं। मनुष्य को अपने हृदय को पूरी तरह स्वच्छ, निर्मल बनाना चाहिए। मनुष्य के अंदर चेतना जब तक नहीं जागेगी तब तक अपने स्वरूप को जान नहीं सकता है। यदि किसी ने मनुष्य जन्म लिया है और वह मृत्यु के पूर्व तक भी पाप कर्म में लिप्त रहता है तथा अंतिम समय में भागवत कथा श्रवण कर ले और पुनः कोई पाप कर्म नहीं करता है तो वह महापापी भी दिव्यात्मा बन जाता है। कथावाचक ने कहा कि यदि पारस मणि को लोहे में स्पर्श करें तो वह लोहा भी सोना बन जाता है। इसी तरह कथा सुनने से पापात्मा भी दिव्यात्मा बन जाती है। पारसमणि से भी बड़ा प्रभाव सत्संग तथा कथा का है। अमृत्व से भी बड़ा दिव्यत्व होता है। यदि किसी राक्षस को अमृत पान करा दें तो वह और ज्यादा खतरनाक हो जाएगा। वही महापापी सत्संग का रस पान कर ले तो उसका जीवन दिव्य बन जाता है। दिव्यत्व से अंदर की चेतना जागृत होती है। आत्मदेव की कहानी सुनाते कथावाचक आशुतोष चैतन्य महाराज ने कहा कि कर्म की गति से कोई मुक्त नहीं हुआ है। बिना विवेक के कोई काम नहीं होता है, बुद्धि से भी बड़ा विवेक है। ▶▶| शेष पेज 10 पर




# बनसागर में नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ, गांव भक्तिमय वातावरण में डूबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनसागर



विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बनसागर में धरaम, भक्ति और संस्कारों का अनुपम संगम देखने को मिल रहा है। बनसागर में नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन किया गया है। यह आयोजन 28 जनवरी से प्रारंभ हुआ है, जिसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

भागवत कथा का वाचन वृंदावन से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक पंडित जय श्री कृष्ण शास्त्री द्वारा किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से हरि इच्छा तक प्रवाहित हो रही है। कथा का शुभारंभ 28 जनवरी को देव आवाहन, प्रतिष्ठा, भागवत स्थापना, कलश यात्रा एवं गौकरण पाख्यान के साथ विधिविधानपूर्वक किया गया, जिसमें ग्राम एवं आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कथा के क्रम में 2 फरवरी को रुक्मिणी विवाह का अत्यंत भावपूर्ण और भक्तिमय प्रसंग व्यासपीठ से प्रस्तुत किया गया। व्यास मंच पर विराजमान पंडित जय श्री कृष्ण महाराज जी ने भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी के विवाह प्रसंग का सजीव वर्णन करते हुए भक्ति, प्रेम और समर्पण का महत्व बताया। इस दौरान पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और जय श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। कथावाचक ने भागवत कथा के माध्यम से धर्म, कर्म, भक्ति और मानव जीवन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा न केवल मोक्ष का मार्ग दिखाती है, बल्कि समाज में सद्भाव, नैतिकता और आपसी प्रेम को भी बढ़ावा देती है। आयोजकों ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का समापन 5 फरवरी को विधिवत हवन-पूजन एवं प्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा। कथा के दौरान पूरा गांव भक्ति के रंग में रंगा हुआ है। घर-घर में भजन, कीर्तन और धार्मिक चर्चा का माहौल बना हुआ है, जिसे देखकर लोग भक्ति मार्ग का अनुकरण कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने का कार्य होता है। बनसागर में आयोजित यह श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ क्षेत्र के लिए आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण और स्मरणीय बनता जा रहा है।

इस अवसर पर क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य सावित्री वट्टी, रमेश साहू, संत वट्टी, महेंद्र शोरी, शिवा पटेल, रामकृष्ण पटेल, बनवाली नेताम, सूरज लाल वट्टी, मदन साहू, श्रवण साहू, लता नेताम, इंदु साहू, कौशल्या साहू, कंचन दरियों, लक्ष्मीनाथ नेताम, शोभना नेताम, सोनू साहू, मोना लिसा, बुद्धू सुरोजिया, जम्मू लाल कुंजाम, कौशल्या, मिलक राम वट्टी, माहेश्वरी शोरी, मिलाप कावडे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### सिवनी में माता पहुंचानी आज, 17 को आनंद मेला

दुर्गुकोंदल। विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी में धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से माता पहुंचानी एवं आनंद मेला का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 फरवरी गुरुवार को विधिविधान के साथ माता पहुंचानी का कार्यक्रम संपन्न होगा। इस अवसर पर ग्रामीणजन पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। ग्रामवासियों द्वारा आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में 17 फरवरी मंगलवार को आनंद मेला का आयोजन किया जाएगा। मेले के दौरान धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियां भी होंगी। मेले की खास आकर्षण रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम रहेगा, जिसमें रायपुर से रंग सरोवर सांस्कृतिक दल द्वारा भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। इस कार्यक्रम में लोकगीत, नृत्य और मनोरंजक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का मन मोहने की तैयारी है। आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता मजबूत होती है और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है।

### मितानिन स्वस्थ पंचायत सम्मेलन, जनसंवाद संपन्न

**दुर्गूकोंदल**। ग्राम स्वास्थ्य समिति के तत्वाधान में 4 फरवरी को अटल चौक दुर्गूकोंदल में ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन व जन संवाद का आयोजन किया गया। सम्मेलन में विकासखंड की लगभग 430 मितानिन दीदियों सहित जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही। सम्मेलन में मितानिनों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों को लेकर कुल 131 आवेदन विभिन्न विभागों को सौंपे, जिनमें महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा जनपद पंचायत से संबंधित विषय शामिल रहे। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली मितानिनों एवं विभागीय कर्मियों को सम्मानित भी किया गया। मुख्य अतिथि गोपी चंद बढ़ाई ने मितानिनों को स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ बताते हुए उनके मानदेय एवं सम्मान बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उपाध्यक्ष आनंद तेता ने दूरस्थ क्षेत्रों में मितानिनों के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, समन्वयकों एवं बड़ी संख्या में मितानिन दीदियों की उपस्थिति रही। अंत में जिला समन्वयक राज शिरोमणि पवार ने आभार व्यक्त किया। सम्मेलन को स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना गया।

## निधन

### बलवंत सिंह राणा

दुर्गूकोंदल। दुर्गूकोंदल निवासी 69 वर्षीय बलवंत सिंह राणा का 4 फरवरी को इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार एवं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे मिलनसार एवं सामाजिक स्वभाव के व्यक्ति थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## कलेक्टर ने जनगणना अधिनियम के तहत की नियुक्ति

# जनगणना अधिकारी नियुक्त, निकायों में भी नगर चार्ज अधिकारी किया नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जनगणना अधिनियम-1948 की धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए तथा पूर्व में जारी समस्त अधिसूचनाओं को अधिक्रमित करते हुए प्राधिकारियों को जनगणना अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जारी आदेशानुसार कांकेर जिले की सीमाओं के भीतर अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुमार कुर्रे को जिला जनगणना अधिकारी तथा जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी विनोद अहिरवार को अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार राजस्व अनुविभाग कांकेर, सरोना एवं नरहरपुर के क्षेत्राधिकार के भीतर अपर कलेक्टर अरूण कुमार वर्मा को अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, राजस्व अनुविभाग चारामा के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चारामा नरेन्द्र कुमार बंजारा, अनुविभाग भानुप्रतापपुर एवं दुर्गूकोंदल के क्षेत्राधिकार के लिए अनुविभागीय अधिकारी भानुप्रतापपुर गंगाधर वाहिले, अनुविभाग अंतागढ़ एवं आमाबेड़ा के लिए अनुविभागीय अधिकारी अंतागढ़ राहुल कुमार रजक तथा अनुभाग पखांजुर, बांदे एवं कोयलीबेड़ा के क्षेत्राधिकार के लिए अनुविभागीय अधिकारी पखांजुर टीकाराम देवांगन को अनुविभागीय जनगणना अधिकारी नियुक्त किया है।

इसी तरह राजस्व तहसील कांकेर में तहसीलदार कांकेर पुष्पराज पात्र को चार्ज जनगणना अधिकारी नियुक्त किया गया है। तहसील चारामा की सीमाओं के भीतर तहसीलदार चारामा सत्येन्द्र शुक्ला, तहसील नरहरपुर की सीमाओं के लिए तहसीलदार नरहरपुर पौरस वेनताल, तहसील सरोना के लिए तहसीलदार सरोना मोहित कुमार साहू, भानुप्रतापपुर तहसील के लिए तहसीलदार भानुप्रतापपुर सुरेन्द्र कुमार उर्वशा, दुर्गूकोंदल क्षेत्राधिकार में तहसीलदार दुर्गूकोंदल कुलदीप ठाकुर, तहसील अंतागढ़ के क्षेत्राधिकार के लिए तहसीलदार अंतागढ़ वीरेन्द्र कुमार नेताम, तहसील आमाबेड़ा क्षेत्राधिकार के लिए तहसीलदार आमाबेड़ा कुणाल सरवैया, तहसील पखांजुर के क्षेत्राधिकार सीमाओं के भीतर तहसीलदार पखांजुर केतन कुमार भोयर, तहसील कोयलीबेड़ा के क्षेत्राधिकार के लिए तहसीलदार कोयलीबेड़ा युवराज साहू और तहसील बांदे के क्षेत्राधिकार की सीमाओं के भीतर नायब तहसीलदार भरतलाल ब्रम्हे को चार्ज जनगणना अधिकारी नियुक्त किया गया है।

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ने इसी तरह नगरीय निकायों में भी नगर चार्ज अधिकारी की नियुक्ति की है। आदेश के अनुसार नगरपालिका परिषद कांकेर क्षेत्रांतर्गत पवन कुमार मेरिया मुख्य नगरपालिका अधिकारी को नगर चार्ज अधिकारी नियुक्त किया है। इसी तरह नगर पंचायत चारामा के लिए नगर पंचायत चारामा के मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमंत कुमार नेताम, नगर पंचायत नरहरपुर के लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारी नरहरपुर रोशन सिंह ठाकुर, नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारी भानुप्रतापपुर आईएल पटेल, नगर पंचायत अंतागढ़ के लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारी अंतागढ़ हंसा ठाकुर तथा नगर पंचायत पखांजुर के क्षेत्राधिकार की सीमाओं के भीतर मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत पखांजूर सुनील कुमार जैन को नगर चार्ज जनगणना अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## मतदान जागरूकता पदयात्रा में 100 से अधिक युवक हुए शामिल



**कांकेर**। लोकतंत्र को सशक्त बनाने एवं नागरिकों, विशेषकर युवाओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मेरा युवा भारत कांकेर द्वारा मंगलवार को मतदान जागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया गया।

आयोजन में कांकेर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 100 से अधिक युवाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की आत्मा है और प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। जागरूक मतदाता ही एक सशक्त और जिम्मेदार राष्ट्र का निर्माण करता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिल्पा साहू ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में युवाओं की भूमिका निर्णायक होती है और मतदान के माध्यम से ही सकारात्मक सामाजिक एवं राजनीतिक परिवर्तन संभव है। मतदान जागरूकता पदयात्रा पुराना कम्युनिटी हॉल से प्रारंभ होकर सेन चौक, मस्जिद चौक होते हुए हनुमान मंदिर से बाबा रामदेव मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। पदयात्रा के दौरान युवाओं ने आम नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए संदेश दिए। समापन अवसर पर उपस्थित सभी युवाओं को लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक चुनाव में मतदान करने की शपथ दिलाई गई। अतिथियों द्वारा युवाओं को संबोधित करते हुए उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया।

## कवासी को जमानत मिलना सत्य की जीतः पूर्व विस उपाध्यक्ष नेताम



**केशकाल**। कवासी लखमा को जमानत मिलने पर पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने लिखा, ''बस्तर के जननेता कवासी लखमा को ज़मानत मिल गई है। उद्योगपति को फायदा पहुंचाने के लिए षड्यंत्रपूर्वक लखमा को जेल में बंद किया गया। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दी गई जमानत ने एक बार फिर इस बात को दर्ज किया है कि सत्य की लड़ाई में संघर्ष का सामना करना पड़ता है, लेकिन जीत सत्य की ही होती है.''। उन्होंने कहा, "सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं। " लखमा सुकमा जिले की कोंटा विधानसभा सीट से छह बार विधायक रह चुके हैं। जमानत की खबर मिलते ही केशकाल विधानसभा सहित कोंडागांव जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की।

## नाम परिवर्तन के लिए अब मिलेगी ऑनलाइन आवेदन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव।

राज्य शासन द्वारा आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नाम परिवर्तन के लिए ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था शुरू की गई है। इसके लिए छत्तीसगढ़ नागरिक नाम परिवर्तन प्रक्रिया एवं मार्गदर्शिका जारी की गई है, जिसके अंतर्गत नागरिक अब घर बैठे नाम परिवर्तन के लिए आवेदन कर सकेंगे।

- राज्य शासन ने जारी की छत्तीसगढ़ नागरिक नाम परिवर्तन प्रक्रिया एवं मार्गदर्शिका

मार्गदर्शिका के अनुसार नाम परिवर्तन के इच्छुक आवेदकों को लोक सेवा केंद्र के माध्यम से राज्य शासन के ऑनलाइन पोर्टल पर निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

नाम परिवर्तन आवेदन के साथ निम्न दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य होगा 430 रुपये का चालान के लिए 0058, मुद्रण एवं लेखन सामग्री मद भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा से स्थानीय समाचार पत्र में प्रारूप–एक के अनुसार नाम परिवर्तन सूचना का प्रकाशन तीन माह से अधिक पुराना न हो दो गवाहों के नाम, हस्ताक्षर एवं पते सहित प्रारूप–दो में विलंब प्रारूप 50 रुपये के नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर प्रारूप–तीन में नोटराइज्ड शपथ पत्र तीन माह से अधिक पुराना न हो शपथ पत्र में उल्लिखित सभी दस्तावेज एवं पहचान पत्र आईडी।

### निर्धारित समय–सीमा में होगी पूरी प्रक्रिया

ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार के पोर्टल में आवेदन प्रेषित किया जाएगा तथा आवेदक को एआरएन प्राप्त होगा। तहसीलदार द्वारा आवेदन पर 7 कार्य दिवस के भीतर कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा अगले 7 कार्य दिवस में सत्यापन सत्यापन के पश्चात आवेदन शासकीय मुद्रणालय पोर्टल में प्रेषित किया जाएगा, जहां 15 कार्य दिवस में प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

## कांग्रेस ने अनुविभागीय अधिकारी केशकाल को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन, प्रदेश सचिव सगीर अहमद क़ुरैशी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश नेताम निर्वाचित पार्षद, कांग्रेसी प्रभावित व्यक्तियों के साथ अनुविभागीय अधिकारी केशकाल को ज्ञापन सौंपा गया। निर्वाचन अधिकारी 82 केशकाल ने भरोसा दिलाया है कि प्रारूप 7 दाखिल करने वाले लोगों को विधिवत नोटिस जारी किया गया है। उनका पक्ष जानकर विधिवत कानूनी कार्यवाही की जाएगी। प्रारूप 7 में असत्य जानकारी देने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है।

## बिजली के उत्पादन में आत्मनिर्भर बना प्रदेश, उपभोक्ताओं का हुए सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वें वर्ष रजत जयंती के अवसर पर विद्युत विभाग द्वारा स्थानीय सामुदायिक भवन में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग की उपलब्धियों को साझा करने के साथ ही उत्कृष्ट उपभोक्ताओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता ने कहा कि इन 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने बिजली के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। आज प्रदेश न केवल बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर है, बल्कि दूसरे राज्यों को भी बिजली आपूर्ति कर रहा है। उन्होंने रेखांकित किया कि अन्य राज्यों की तुलना में यहाँ बिजली की दरें कम हैं, जिसका सीधा लाभ कृषि, लघु उद्योगों और व्यवसाय जगत को मिल रहा है। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता एसके ठाकुर ने विभाग की प्रमुख उपलब्धियों और वर्तमान में संचालित योजनाओं पर प्रकाश डाला। बीपीएल कनेक्शन पात्र उपभोक्ताओं को 120 वॉट तक मुफ्त कनेक्शन और प्रतिमाह 30 यूनिट तक की छूट। कृषक जीवन ज्योति योजना 3 हॉर्स पावर तक के पंपों पर 6000 यूनिट और 5 हॉर्स पावर तक के पंपों पर 7500 यूनिट सालाना निःशुल्क बिजली। नवीकरणीय ऊर्जा पीएम सूर्य घर योजना और पीएम कुसुम योजना के माध्यम से सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की जानकारी दी गई। समय पर बिजली बिल का भुगतान करने वाले और शासन की योजनाओं का लाभ लेने वाले उपभोक्ताओं को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में शामिल थे।।बीपीएल श्रेणी 3 उपभोक्ता घरेलू कनेक्शन, 19 उपभोक्ता कृषि पंप, 9 कृषक व्यावसायिक श्रेणी 9 व्यवसाई पीएम सूर्य घर योजना के हितग्राही भी सम्मानित हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन रूपेश सोनी ने किया तथा आभार प्रदर्शन सहायक अभियंता उत्तम यदु द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य गिरजा साहू, कनिष्ठ अभियंता सीएस उसेंडी, एंटोनी कुंजुर, तामेश्वरी मरसकोले, रजनी बारले, जितेंद्र बेंजामिन, रूपेश सोनी, उत्तम यदु और सौरभ नशीने सहित विभागीय कर्मचारी व नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

## पेज 9 के शेष

### नशीली दवाइयों का ....

दुकान का संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर प्रशासन ने दुकान को पूरी तरह सील कर दिया।

### तालाब में मिली ....

विवाह के लिए दबाव बनाए जाने व जेल भेजने की धमकी से वह परेशान था। आरोपियों ने 1 फरवरी की रात को योजना बनाकर मृतिका को शादी का झांसा देकर बुलाया और मोटर सायकल से बांगाबारी तालाब ले गए। वहां बातचीत के बहाने पचरी में ले जाकर दोनों ने मिलकर मृतिका को तालाब में डुबोकर हत्या कर दी। साक्ष्य छुपाने के लिए मृतिका का मोबाइल व चप्पल तालाब में फेंक दी गई, जबकि कपड़े एवं आधार कार्ड बिरगुड़ी क्षेत्र में फेंके गए। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तालाब से मोबाइल एवं चप्पल बरामद कर ली है। साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल व आरोपी का मोबाइल भी जब्त किया गया है।

आरोपियों को पकड़ने व हत्या के मामले को सुलझाने में निरीक्षक योगेन्द्र वर्मा, सहायक उप निरीक्षक गंगाराम शोरी सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की भूमिका रही।

### डवरखार पंचायत में ....

से सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। पुल निर्माण से डंवरखार सहित आसपास के गांवों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी, वहीं बरसात के मौसम में होने वाली परेशानियों से ग्रामीणों को राहत मिलेगी। शिंगनापुर में सीसी रोड बनने से वर्षों पुरानी सड़क समस्या का समाधान होगा और सुगम यातायात संभव हो सकेगा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने कहा कि पंचायत स्तर पर पुल, सड़क और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विकास सरकार की प्राथमिकता है। आने वाले समय में क्षेत्र में और भी विकास कार्य स्वीकृत किए जाएंगे। वहीं पूर्व जिला पंचायत सदस्य हिरा मरकाम ने विधायक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र को निरंतर विकास की सौगात मिल रही है। भाजपा मंडल अध्यक्ष टिकेश्वर सिन्हा ने सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि भाजपा की नीति गांव, गरीब और किसानों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है।

भूमि पूजन कार्यक्रम में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष बैराग शोरी, मंडल महामंत्री किशोर भास्कर, पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन नेताम, भाजपा नेता संतोष नायक, ग्राम पंचायत डवरखार के सरपंच शंकर शोरी, उपसरपंच रामेशवरी सोनवानी, गायता कोमल पोया, बैजनाथ नेताम, सुमन पोया, रामेश पोया, दीपक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### कोदापाखा की 32 छात्राओं ....

सूबे सिंह हुपेंडी, दशरथ कोवाची, प्राचार्य धनाराम कश्यप, शिक्षक-शिक्षिकाएं पवन यादव, संतोषी रावटे, विनीता, डोमेश्वरी राना, सजनी देहारी सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता डीआर खरे ने किया।

### ऑपरेशन उजियारा : 7 ....

कार्यवाही की । तलाशी के दौरान महिला के घर से 07 लीटर देशी महुआ शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 700 रुपए बताई जा रही है । पुलिस ने शराब को जब्त कर आरोपी महिला के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत अपराध क्रमांक 29/2026 पंजीबद्ध कर उसे विवेचना में लिया है ।

### भागवत कथा के ....

महाराज ने कहा कि सत्संग ऐसा स्थान है, जहां विवेक की प्राप्ति होती है। कल्प कामधेनु से बड़ा सत्संग है। कथा का श्रवण करने के बाद उस पर चिंतन मनन करना चाहिए जिससे अंतःकरण में विवेक उत्पन्न होगा। भूतकाल तथा भविष्य की चिंता नहीं करना चाहिए। मनुष्यो में सभी के लिए दया भाव होना चाहिए। अंदर कठोरता है तो मानव जन्म लेने से कोई फायदा नहीं है। यदि मनुष्य सिर्फ अपने लिए सोचता है दुसरो के हित के बारे में नहीं सोचता तो यह उस मनुष्य के लिए शर्म की बात है। सभी अपने लिए जीते हैं लेकिन वास्तव में मनुष्य को समाज, राष्ट्र, धर्म के लिए जीना चाहिए। भागवत कथा से पहले पूजा व आरती की गई है। कथा समापन के बाद फिर आरती की गई है। कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रध्दालु महिला पुरूष पहुंच रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पहला प्रसव रहा सफल



**बीजापुर।** नियद नेल्लानार आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पालनार ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। ग्राम कोरचोली निवासी रुकमी पोट्टाम पति–गुड्डू का पहला प्रसव आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कु. आरती मांझी एवं अनीता पुजारी द्वारा पूरी दक्षता और संवेदनशीलता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। गौरतलब है कि यह आयुष्मान आरोग्य मंदिर 28 जनवरी को ही शुभारंभ हुआ था, और शुभारंभ के कुछ ही दिनों बाद 2 फरवरी को पहले सुरक्षित प्रसव का सफल आयोजन किया जाना, क्षेत्र में सुदृढ़ स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमाण है। यह सफलता नियद नेल्लानार क्षेत्र के पालनार में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी कदम है, जिससे ग्रामीण अंचल में भरोसेमंद और सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं की नई उम्मीद जगी है।

### परीक्षा के समय तनाव कम करने की दी जानकारी

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन में जिले में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय विद्यालयों में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा पूर्व तनाव प्रबंधन एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड कुआकोंडा स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ. देश दीपक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए परीक्षा की तैयारी के दौरान तनाव को कम करने के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, नियमित अध्ययन, पर्याप्त नींद एवं संतुलित आहार के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही विद्यार्थियों को किसी भी मानसिक समस्या या दबाव की स्थिति में खुलकर बात करने और सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी व्यक्तिगत कठिनाइयों एवं परीक्षा से जुड़ी चिंताओं को साझा किया, जिनका डॉ. देश दीपक द्वारा व्यावहारिक एवं सरल उदाहरणों के माध्यम से समाधान बताया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाना तथा परीक्षा के समय मानसिक संतुलन बनाए रखने के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा। कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्य शेफाली भदोरिया, जिला सलाहकार राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंकित सिंह, मानसिक स्वास्थ्य सोशल वर्कर विक्रम सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने ऐतिहासिक फागुन मंडई मेला स्थल का किया निरीक्षण

**सर्वसुविधायुक्त व्यवस्थाओं के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आज जिले के ऐतिहासिक फागुन मंड़ई मेला स्थल का अवलोकन कर आगामी आयोजन को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सर्वसुविधायुक्त बनाने के निर्देश दिए। यह मेला आगामी 22 फरवरी से 5 मार्च तक आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र की भौतिक स्थिति, प्रवेश-निकास मार्ग, भीड़ प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने एसडीएम दंतेवाड़ा को आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कलेक्टर ने मेला स्थल पर स्वच्छ एवं पर्याप्त शौचालयों की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, अग्निशमन वाहन एवं फायर सेफ्टी उपकरणों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही, वाहनों की सुचारू आवाजाही के लिए पृथक पार्किंग स्थल चिन्हित करने एवं भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक रूट निर्धारित करने के निर्देश दिए गए। भीड़ नियंत्रण हेतु बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था एवं आपातकालीन चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था पर भी विशेष जोर दिया गया। उल्लेखनीय है कि फागुन मंड़ई मेला में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं बाहर से आने वाले श्रद्धालु शामिल होते हैं।

जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित विभागों के समन्वय से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि यह आयोजन सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। इस दौरान एसडीएम लोकांश एल्मा, नायब तहसीलदार शभादूराम धनकर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# माहरापारा में पेयजल संकट का समाधान प्रशासनिक पहल से मिला स्थायी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले के विकासखण्ड कुआकोण्डा के ग्राम माहरापारा में लंबे समय से बनी पेयजल की विकराल समस्या का अब समाधान हो गया है। लगभग 450 की आबादी वाले इस ग्राम में वर्षों से जलस्रोतों की स्थिति खराब बनी हुई थी। गांव में स्थापित दो हैंडपम्पों से पानी अनियमित रूप से आता था, जिससे सभी परिवारों को पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पाता था। इसके अलावा पूर्व में खनित किए गए आठ नलकूप पूर्णतः असफल पाए गए थे, जिससे ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई थी। पानी की सीमित उपलब्धता के कारण ग्रामीणों को आपसी समन्वय से बारी-बारी पानी भरने की व्यवस्था करनी पड़ती थी। पेयजल संकट को देखते हुए पारा में हवा से पानी बनाने की मशीन भी स्थापित की गई थी, लेकिन उससे अपेक्षित परिणाम नहीं मिले। समस्या के समाधान के लिए ग्राम के महिला एवं पुरुष जनप्रतिनिधियों ने गत सप्ताह जिला कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव से भेंट कर स्थिति से अवगत कराया। कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल पीएचई विभाग को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

## कैंसर के लक्षण, कारण, बचाव के बारे में दी जानकारी

# तंबाकू, गुटखा, बीड़ी, धूम्रपान शराब का उपयोग अनुवांशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र पोटाली में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दंतेवाड़ा के दिशा-निर्देश पर ग्राम समेली में विश्व कैंसर जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस अभियान के अंतर्गत स्कूली बच्चों, ग्रामीणों, महिलाओं और युवा वर्ग को कैंसर के लक्षण, कारण, बचाव के उपाय

- **महिलाओं को स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के बारे में किया जागरूक**



और उपलब्ध उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर उन मिथकों और गलतफहमियों को दूर करना था, जिनकी वजह से लोग समय पर जांच नहीं कराते और बीमारी गंभीर रूप ले लेती है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी कैंसर को लेकर जागरूकता की कमी है, जिसके कारण लोग शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं। इस अभियान के माध्यम से स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को बताया कि कैंसर का समय पर पता चल जाए तो इसका उपचार संभव है। अभियान के दौरान विशेष रूप से स्कूली बच्चों को शामिल किया गया। बच्चों को सरल भाषा में यह समझाया गया कि कैंसर के प्रमुख लक्षण क्या होते हैं, किन आदतों से यह बीमारी होने की संभावना बढ़ती है और किन बातों का ध्यान रखकर इसे रोका जा सकता है। ग्रामीणों को बताया गया कि तंबाकू का सेवन, गुटखा–बीड़ी, धूम्रपान, शराब का अत्यधिक उपयोग, असंतुलित भोजन, संक्रमण और अनुवांशिक कारण कैंसर की प्रमुख वजह बन सकते हैं। स्वास्थ्य टीम ने महिलाओं को विशेष रूप से स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के बारे में जागरूक किया। महिलाओं को स्वयं स्तन परीक्षण का तरीका समझाया गया जिससे कि वे समय-समय पर खुद जांच कर सकें और किसी असमान्यता के दिखते ही तुरंत अस्पताल जाएं। ग्रामीणों और विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि कैंसर का समय रहते पता चल जाए तो उपचार काफी सरल होता है। नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित भोजन, व्यायाम, तंबाकू व शराब का परित्याग, स्वच्छता और सुरक्षित व्यवहार इसके लिए अत्यंत आवश्यक हैं। सरकार द्वारा विभिन्न स्क्रीनिंग और उपचार सुविधाएँ निःशुल्क या कम लागत पर उपलब्ध कराई जाती हैं।

### निकली जागरूकता रैली

स्कूल के बच्चों के साथ जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें सभी बच्चे हाथों में तख्तियाँ लेकर कैंसर से बचाव संबंधी नारे लगाते हुए ग्राम समेली की गलियों से गुजरे। रैली का उद्देश्य था कि गांव का हर व्यक्ति इस संदेश को गंभीरता से ले और अपनी तथा अपने परिवार की नियमित जांच कराए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्रामीण चिकित्सा सहायक अधिकारी डॉ. अतीक अंसारी ने बताया कि 30 वर्ष से अधिक उम्र के हर व्यक्ति को कैंसर स्क्रीनिंग अवश्य करानी चाहिए। उन्होंने पुरुषों और महिलाओं में होने वाले कैंसर के प्रकारों की विस्तार से जानकारी दी पुरुषों में प्रमुख कैंसर मुख का कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, स्वरयंत्र का कैंसर। महिलाओं में प्रमुख कैंसर स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, मुख का कैंसर। डॉ. अंसारी ने ग्रामीणों को यह भी बताया कि नियमित स्क्रीनिंग के माध्यम से कैंसर के शुरुआती चरणों में पहचान संभव हो जाती है, जिससे उपचार आसान और सफल हो जाता है। उन्होंने आग्रह किया कि ग्रामीण अपनी जीवनशैली में सुधार करें और तंबाकू उत्पादों से दूर रहें। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ-साथ स्थानीय शिक्षकों और ग्रामीणों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## पार्षद ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट हुआ

# बस्तर व कोलचूर के बीच हुआ फाइनल मुकाबला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

नगर पंचायत बस्तर के कुम्हड़ाकोट में पार्षद ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच मंगलवार को बस्तर और कोलचूर के बीच हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य शकुंतला कश्यप की मौजूदगी में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बस्तर और कोलचूर के बीच रोमांचक मैच हुआ जिसमें बस्तर की टीम विजेता रही। कोलचूर की टीम नौ ओवर में ऑल आउट 40 रन ही बना पाई।वहीं पीछा करते हुए बस्तर की टीम 7 ओवर में जीत हासिल किया।

कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों के हाथों विजेता टीम बस्तर को तीस हजार रूपये नगद राशि एवं ट्रॉफी वही उपविजेता टीम कोलचूर को सोलह हजार व ट्रॉफी प्रदान किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य शकुंतला कश्यप ने कहा कि खेल में हार जीत एक स्वभाविक प्रक्रिया है। और यह खेल का एक अहम हिस्सा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि खिलाड़ियों के लिए खेल भावना सबसे महत्वपूर्ण है।और हारने वाली टीम को अपनी गलतियों से स्वीकार कर अगली बार जीतने का प्रयास जारी रखना चाहिए।

परिणाम से ज्यादा जरूरी खेल का आनंद लेना और अनुशासन है,खेल में भाग लेना ही बड़ी बात है,क्योंकि यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष समीर मिश्रा, पार्षद असावती बघेल मंगलराम बघेल, वीरसिंह मौर्य, बंशी कश्यप, राधे यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व मौजूद रहे।

# धान की खरीदी 5 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किसानों के हित में लिए गए निर्णय अनुसार आगामी 5 एवं 6 फरवरी को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के अंतर्गत किसानों के धान की खरीदी की जाएगी।

इस हेतु छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अवर सचिव भूपेन्द्र सिंह राजपूत ने दिशा-निर्देश जारी कर संबंधित धान खरीदी केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने दिशा-निर्देश जारी कर किसानों के हित में समर्थन मूल्य में धान खरीदी की समय अवधि में 2 अतिरिक्त दिवस 5 एवं 6 फरवरी तक वृद्धि किया है। जारी निर्देशों के अनुरूप ऐसे किसान जिनके द्वारा 10 जनवरी 2026 पश्चात टोकन हेतु आवेदन किया गया है, परंतु सत्यापन नहीं हो पाया है। ऐसे किसान जिनके द्वारा 10 जनवरी 2026 पश्चात आवेदन किया गया है एवं सत्यापन उपरांत धान पाया गया है तथा ऐसे किसान जिन्होंने 28, 29 एवं 30 जनवरी को टोकन प्राप्त किया है परंतु किसी कारणवश धान विक्रय नहीं कर पाए हैं। उक्त किसानों का धान आगामी 5 एवं 6 फरवरी को संबंधित धान उपार्जन केन्द्रों में खरीदा जाएगा।

कलेक्टर संबित मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि आगामी 5 एवं 6 फरवरी को जिले के धान खरीदी केन्द्रों में जहाँ ऐसे किसान हो उनका सुव्यवस्थित रूप से धान की खरीदी करना सुनिश्चित करें।

# एसबीआई संजीवनी ने विश्व कैंसर दिवस पर चलाया जन जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



एसबीआई संजीवनी मोबाइल मेडिकल यूनिट के से परिवर्तन समाज विकास समिति द्वारा 151 बच्चों को कैंसर के प्रति जागरूक किया। संस्था से जिला समन्वयक सूरज पटनायक ने बताया कि कैंसर एक जानलेवा बीमारी हैं परंतु सही समय पर ईलाज होने से ठीक हो सकता हैं।

विश्व कैंसर दिवस कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने, रोकथाम, पहचान और प्रोत्साहित करने का एक वैश्विक प्रयास हैं साथ ही टीम द्वारा भी जानकारी दी गई कि यह दिवस सामूहिक कार्यवाही द्वारा लाखों मौतों को रोकने, कैंसर से जुड़े मिथ्य को कम करने की और प्रेरित किया। रैली के माध्यम से ग्रामवासियों को तंबाखू का सेवन ना करने को जागरूक किया गया। साथ ही प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों कैंसर जैसे बीमारी से रोकथाम साथ ही नशीली पदार्थ से कैसे बचा जाए वीडियो के माध्यम से जागरूक किया। कार्यक्रम में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य मानसिंह कश्यप तथा परिवर्तन समाज विकास समिति से जिला समन्वयक सूरज पटनायक, डॉ विभाष ओझा डाक्टर हिरमा मरकाम, फार्मासिस्ट रविन्द्र पोयम, लैब टेक्नीशियन पल्लवी पाण्डे, स्टॉफ नर्स सनबारी बघेल, पायलट अशोक कुमार बघेल सहित हितग्राही उपस्थित थे।

## विद्युत विभाग ने किया जागरूकता कार्यक्रम

# पीएम सूर्य घर योजना से जागरूक हुए नागरिक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ के रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर विद्युत विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के उद्देश्यों एवं लाभों की विस्तार से जानकारी दी गई।

अधिकारियों ने बताया कि यह योजना आम नागरिकों को सौर ऊर्जा से जोड़कर न केवल बिजली खर्च में राहत प्रदान कर रही है, बल्कि स्वच्छ और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को सौर ऊर्जा के उपयोग, रूफटॉप सोलर संयंत्र की स्थापना प्रक्रिया, शासन द्वारा दी जाने वाली अनुदान सुविधा तथा इससे होने वाले दीर्घकालिक आर्थिक लाभों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि यह योजना लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखती है तथा ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम है।

इस अवसर पर समय पर विद्युत बिल का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने ऐसे जिम्मेदार उपभोक्ताओं की सराहना करते हुए अन्य नागरिकों से भी बिजली का विवेकपूर्ण उपयोग करने एवं समय पर विद्युत बिल भुगतान करने की अपील की। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में सौर ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, ऊर्जा संरक्षण को प्रोत्साहित करना तथा शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना रहा, जिसे उपस्थित नागरिकों ने सराहा।

# लोहंडीगुड़ा के ग्राम पंचायत भेजा में लगा चौपाल

हरिभूमि न्यूजच ▶▶| लोहंडीगुड़ा

विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन के प्रचार प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत आज जनपद लोहंडीगुड़ा की ग्राम पंचायत भेजा में चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष डॉ. बसंत कश्यप ने ग्रामीणों को जीरामजी योजना के प्रावधानों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

डॉ. कश्यप ने बताया कि अब ग्रामीण परिवारों को 100 दिवस नहीं बल्कि प्रति वर्ष न्यूनतम 125 दिवस के मजदूरी रोजगार की कानूनी गारंटी प्रदान की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के अवसर सृजित करना है। उन्होंने योजना के प्रमुख फोकस क्षेत्रों की जानकारी देते हुए बताया कि इसके अंतर्गत जल सुरक्षा एवं उससे संबंधित कार्य मूलभूत ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, आजीविका संवर्धन तथा सशक्त आपदा-निवारण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। डॉ. कश्यप ने बताया कि योजना गांव-केंद्रित विकास की अवधारणा पर आधारित है।

**नाम परिवर्तन की सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार वेदवती उसेण्डी, पिता-जितेन्द्र उसेण्डी जाति-गोंड, निवासी ग्राम गेडगांव, तहसील-अंतागढ जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.) का वास्तविक व सही नाम वेदवती उसेण्डी VEDVATI USENDI, पिता- जितेन्द्र उसेण्डी JITENDRA USENDI है, मेरे पक्षकार के नाम पर जारी आधार कार्ड क्रमांक- 8764 87038714 में नाम वेदबती उसेंडी VEDBATI USENDI पिता- जितेन्द्र उसेंडी JITENDRA USENDI त्रुटिवश दर्ज किया गया है, जिसे सुधारा जाकर वेदवती उसेण्डी VEDVATI USENDI पिता जितेन्द्र उसेण्डी JITENDRA USENDI लिखा एवं पढ़ा जाने के आशय का शपथ पत्र दिनांक- 22/12/2025 को मेरे पक्षकार द्वारा अनुविभागीय दण्डाधिकारी भानुप्रतापपुर, जिला-उ.ब.कांकेर (छ.ग.) के समक्ष निष्पादित करवाया गया है। अस्तु आज दिनांक के पश्चात से, मेरे पक्षकार के नाम पर जारी आधार कार्ड में, मेरे पक्षकार का नाम वेदवती उसेण्डी VEDVATI USENDI, पिता- जितेन्द्र उसेण्डी JITENDRA USENDI किया जावें तथा पहचाना जावें।

दिनांक :- 03.02.2026

रीतिक गुप्ता
(अधिवक्ता) भानुप्रतापपुर
जिला - उ. ब. कांकेर (छ.ग.)
मो.- 9098406706

# दिव्यांगजनों को मिला निःशुल्क ट्राइसायकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में जिले के दिव्यांगजनों को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से ट्राइसायकल वितरण किया गया। यह वितरण जिला बीजापुर के विभिन्न विकासखंडों में निवासरत दिव्यांग व्यक्तियों के लिए किया गया।

उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम कोवासी बक्का, पिता कोवासी सोमा, विकासखंड उसूर, जिला बीजापुर के निवासी दिव्यांग लाभार्थी को कमांड 170 बीएन सीआरपीएफ के सहयोग से ट्राइसायकल उपलब्ध कराया गया। ट्राइसायकल प्राप्त होने से लाभार्थी को दैनिक आवागमन में सुविधा मिलेगी और वह आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकेगा।

समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने एवं उनके जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए शासन द्वारा इस प्रकार की योजनाएं निरंतर संचालित की जा रही हैं। लाभार्थी द्वारा ट्राइसायकल प्रदान किए जाने पर शासन-प्रशासन एवं कमांड 170 बीएन सीआरपीएफ के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# धान बिक्री से वंचित किसानों को मिलेगा अंतिम अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में धान खरीदी की निर्धारित अवधि 31 जनवरी 2026 को समाप्त हो चुकी है। शासन के निर्देशानुसार अब उन किसानों के लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु पुनः पोर्टल खोला जा रहा है, जिनकी धान खरीदी तकनीकी कारणों अथवा भौतिक सत्यापन के अभाव में पूरी नहीं हो पाई थी। ऐसे पात्र किसानों को जिला प्रशासन द्वारा एक विशेष अवसर प्रदान किया गया है। जिले में उन किसानों को चिन्हित किया गया है उन्होंने धान विक्रय के लिए आवेदन तो किया था, किन्तु भौतिक सत्यापन नहीं हो पाने या सत्यापन के बाद भी किसी कारणवश उपज का विक्रय नहीं कर सके थे। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने 5 एवं 6 फरवरी को विशेष धान खरीदी की व्यवस्था की है, ताकि कोई भी पात्र किसान शासन की सहायता से वंचित न रह जाए। प्रशासन द्वारा संबंधित किसानों का भौतिक सत्यापन 4 फरवरी से 6 फरवरी तक कराया जा रहा है।



विकास, विश्वास और भविष्य की चुनौतियों पर हुई चर्चा, व्यापारियों ने रखी समस्याएं, कांकेर में है बहुत संभावनाएं

कलेक्टर एवं एसपी ने कांकेर के विकास पर की चर्चा

# हरिभूमि और आईएनएच के जिला संवाद कार्यक्रम में पक्ष व विपक्ष पर तीखे सवाल

*हरिभूमि न्यूज : कांकेर। जिला मुख्यालय कांकेर के बाफना लॉन में आयोजित जिला संवाद 2026 कांकेर में चार चरण में कार्यक्रम हुआ, जिसमें प्रथम चरण में व्यापारी एवं समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले, दूसरा चरण प्रशासनिक, तीसरा चरण चुने हुए जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी प्रतिनिध और अंतिम चरण प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं कांकेर जिला के प्रभारी मंत्री अरूण साव का रहा। चारों चरण में तीन चरण की चर्चा की कमान हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी और एक चरण व्यापारी की चर्चा की कमान आईएनएच के स्टेट हेड शैलेष पांडेय ने संभाला था।*

## नक्सलवाद के डर से नहीं होते थे रिश्ते



प्रथम चरण में स्टेट हेड का जवाब देते हुए व्यापारी अभय बाफना ने कहा कि पहले कांकेर से रायपुर जाने में पूरा दिन लग जाता था, लेकिन अब सड़क नेटवर्क इतना मजबूत है कि लोग कुछ ही घंटों में काम निपटाकर वापस आ सकते हैं। यह भाजपा सरकार की बड़ी उपलब्धि रही है। अभय बाफना ने कहा कि केवल कच्चा माल होने से उद्योग नहीं लगते, इसके लिए बिजली, पानी और कोयले की उपलब्धता के साथ-साथ सरकार से ठोस सब्सिडी मिलनी चाहिए। कांकेर की प्राकृतिक सुंदरता को देखते हुए इसे पर्यटन हब के रूप में विकसित करने की मांग की गई ताकि रोजगार के नए अवसर पैदा हों। चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष राकेश आहूजा ने कहा कि पहले नक्सलवाद के डर से लोग यहाँ रिश्ते करने तक से कतराते थे, लेकिन अब स्थिति यह है कि व्यापारी रात में भी बेखौफ होकर अंदरूनी इलाकों में जा सकते हैं। राकेश आहूजा ने सुझाव दिया कि जेम पोर्टल पर 15-20 लाख रुपएं तक के टेंडरों में केवल स्थानीय व्यापारियों को ही मौका मिलना चाहिए, ताकि धन का प्रवाह जिले के भीतर ही रहें। व्यापारी संघ के संरक्षक अनंत गोपाल कोठारी ने भानुप्रतापपुर के विकास की बात करते हुए भानुप्रतापपुर को जिला घोषित करने की मांग को पुरजोर तरीके से रखा। उन्होने कहा कि दिवंगत नेता विधायक रहे मनोज मंडावी के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि जिला बनने की प्रक्रिया अंतिम चरणों में थी, लेकिन कुछ विरोधाभासों के कारण यह अब तक अधूरा है। युवा उद्यमी भूपेंद्र मिश्रा ने कहा कि कांकेर अब भी आकांक्षी जिला की श्रेणी में है। जिला मुख्यालय तक रेल का न पहुँचना एक बड़ी कमी है। इसके अलावा, उन्होंने डिजिटल कनेक्टीविटी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आज भी कई पहाड़ी क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क के लिए लोगों को समस्या का समाना करना पड़ता है। व्यापारियों ने खुले मन से स्वीकार किया कि क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति में अभूतपूर्व बदलाव आया है।

## विकास, सुरक्षा और सुशासन के नए युग की ओर बढ़ता जिला



दूसरे चरण में हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु दिवेदी ने कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा से संवाद किया। कलेक्टर से जानना चाहा कि आपके नाम की जटिलता को जानना चाहता हूँ नीलेश, महादेव व क्षीरसागर दोनो है, इसका क्या रहस्य है। इस पर कलेक्टर ने बताया कि पहला प्रश्न ही यूपीएसी की तरह हो गया। मैं महाराष्ट्र से हूँ और वहां की परिपाटी के अनुसार मेरे नाम के साथ मेरे पिता का नाम और टाइटल है, इसी के तहत मेरा नाम नीलेश कुमार है और मेरे पिता का नाम महादेव एवं क्षीरसागर टाईटल है, इस पर प्रधान संपादक ने कहा कि उन्होने बहुत खूबसूरत ढंग से बताया कि आप परंपरा के साथ पहचान को पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांरित करते है। सुरक्षा के मोर्चे पर सबसे बड़ी खबर पुलिस अधीक्षक निखिल रखेचा की ओर से आई। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांकेर अब नक्सलवाद के अंतिम दौर में है। जिले में अब केवल 35 के करीब नक्सली सक्रिय बचे हैं, जो मुख्य रूप से महाराष्ट्र और नारायणपुर सीमा से लगे दुर्गम क्षेत्रों में सिमट गए हैं। एसपी ने विश्वास जताया कि केंद्र और राज्य सरकार के लक्ष्य के अनुरूप 31 मार्च 2026 तक कांकेर को पूरी तरह नक्सल मुक्त घोषित कर दिया जाएगा। इसके लिए पुलिस प्रशासन न केवल ऑपरेशन्स चला रहा है, बल्कि आत्मसमर्पण की नीति और परिवारों के माध्यम से मुख्यधारा में लौटने की अव्हान पर भी जोर दे रहा है। कलेक्टर ने एक अन्य प्रश्न के जवाब में बताया कि नक्सली गतिविधियों में कमी आने के कारण अब प्रशासन उन सुदूर इलाकों तक पहुँच रहा है जो दशकों से कटे हुए थे। उन्होंने जानकारी दी कि आगामी तीन-चार वर्षों में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के तहत जिले में 3000 से 4000 करोड़ रुपएं के विकास कार्य प्रस्तावित हैं। इसमें मुख्य रूप से सड़कों का जाल बिछाना, पुलों का निर्माण और मोबाइल कनेक्टिविटी के लिए नए टावर लगाना शामिल है, ताकि ऑल वेदर कनेक्टिविटी सुनिश्चित हो सके। जटिल सामाजिक मुद्दों जैसे धर्मांतरण पर कलेक्टर ने बेहद संतुलित रुख रखते हुए कहा कि यह एक संवेदनशील विषय है। यहाँ एक तरफ संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता है, तो दूसरी तरफ जनजातीय समाज के अपने संरक्षण अधिकार हैं। इन दोनों के बीच टकराव को टालने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस लगातार सामाजिक प्रमुखों के साथ बातचीत कर रहे हैं ताकि कानून-व्यवस्था की स्थिति निर्मित न हो। खनन को लेकर होने वाले विरोध पर कलेक्टर ने एक नया दृष्टिकोण साझा किया।


## भाजपा व कांग्रेस में भाईचारा से गूंजा सदन, लगते रहे ठहाके



संवाद के तीसरे सत्र में भारी-भरकम राजनीतिक हस्तियां शामिल हुईं। मंच पर भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता और पूर्व सांसद विक्रम हुसैंडी मौजूद थे, जो 1993 से राजनीति में सक्रिय हैं और कांकेर की आवाज संसद तक पहुंचा चुके हैं। उनके साथ कांग्रेस की ओर से क्षेत्र की कद्दावर नेता और भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी उपस्थित थीं। साथ ही कांकेर विधायक आशाराम नेताम, कांग्रेस नेता राजेश तिवारी और नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने भी चर्चा में भाग लिया।

भानुप्रतापपुर को जिला बनाने की बात पर भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री ने कहा कि विक्रम में मेरे भाई है और अब उनके साथ मिलकर मुख्यमंत्री से मिलकर भानुप्रतापपुर को जिला बनाने की पहल करूंगी, इसी तरह से कई संवाद में ऐसे रिश्ते और कई मुद्दो पर आपसी सामंजस्य की बाते आने पर प्रधान संपादक ने कहा कि कांकेर में भाजपा व कांग्रेस में भाईचारा है और उसी में एक दूसरे को निपटा देते है। चर्चा की शुरुआत करते हुए विक्रम उसेंडी ने सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल को उत्साहजनक बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के सरल और सज्जन व्यक्तित्व के कारण छत्तीसगढ़ विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और राज्य सरकार के बीच समन्वय को प्रदेश की प्रगति का मुख्य इंजन बताया। उन्होंने पिछले 25 वर्षों के इतिहास को खंगालते हुए पिछली सरकारों के दौरान हुई अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की ओर भी इशारा किया। इस संवाद का सबसे महत्वपूर्ण बिंदु कांकेर को नक्सल मुक्त बनाना रहा। विक्रम उसेंडी ने दृढ़ विश्वास के साथ कहा कि आने वाले 3 वर्षों के भीतर कांकेर जिले से नक्सलवाद का पूरी तरह सफाया हो जाएगा, जो पिछले ढाई दशकों से जिले के लिए एक नासूर बना हुआ है। उन्होंने एक ऐसे विकसित जिले की कल्पना की जहां विकास की किरण समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचेगी। विधायक सावित्री मंडावी ने अपने संबोधन में दिवंगत मनोज मंडावी के सपनों को याद किया। उन्होंने पूरी मजबूती के साथ भानुप्रतापपुर को पृथक जिला बनाने की मांग दोहराई और भरोसा जताया कि वे सरकार को इस पर सहमत कर लेंगी। दूसरी ओर नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक और विधायक आशाराम नेताम ने स्थानीय विकास कार्यों और शहर की स्वच्छता व सौंदर्यीकरण पर अपना पक्ष रखा। कांग्रेस नेता राजेश तिवारी ने भी संवाद में अपनी बात रखी। उन्होंने सरकार की नीतियों पर चर्चा करते हुए आगामी 3 वर्षों में राजनीतिक बदलाव और कांग्रेस की वापसी की उम्मीद जताई।

### कांकेर में बेहतर कार्य करने पर हुए सम्मानित



विधायक आशाराम नेताम का स्वागत करते हुए सरोना प्रतिनिध सूरज मंडावी



विधायक सावित्री मंडावी का स्वागत करते हुए हाटकोंगेरा प्रतिनिधि भुवन नाग



नपा अध्यक्ष अरूण कौशिक का स्वागत करते हुए दुधावा प्रतिनिधि दीनदयाल साहू



एआईसीसी सचिव राजेश तिवारी का स्वागत करते हुए कोयलीबेड़ा प्रतिनिधि श्रवण यादव



व्यापारी अभय बाफना का स्वागत करते हुए धनेलीकन्हार प्रतिनिधि लोकेश्वर सेन



व्यापारी राकेश आहूजा का स्वागत करते हुए कोरर प्रतिनिधि धर्मेद्र जैन



व्यापारी अंनत गोपाल कोठारी का स्वागत करते हुए चारामा प्रतिनिधि लोकेश बारसागढ़े



युवा उद्यमी भूपेंद्र का स्वागत करते हुए कांकेर हरिभूमि से पोखेंद्र साहू



बासनवाही प्रतिनिधि चंद्रभान साहू विधायक को मोमेंटो देते हुए

### कांकेर में बेहतर कार्य करने पर हुए सम्मानित




मावा मोदेल पर बेहतर काम करने पर डीईओ रमेश निषाद हुए सम्मानित



महामारी के दौरान बेहतर कार्य करने पर डॉ. नागेश्वर राव का हुआ सम्मान



प्रज्ञा एवं दीक्षा वीडियो व बेहतर अनुशासन पर प्राचार्य श्रीमती रचना श्रीवास्तव का हुआ सम्मान



स्टार्टअप में बेहतर कार्य करने पर विकास नागपाल का हुआ सम्मान



पर्यावरण व समाज में कार्य करने के लिए समाज सेवी अजय मोटवानी का हुआ सम्मान हरिभूमि व आईएनएच की टीम ने किया अतिथियों का स्वागत



हरिभूमि एवं आईएनएच टीम प्रभारी मंत्री का स्वागत करते हुए



कलेक्टर का स्वागत करते हुए काकेर ब्यूरो हेड विजय कुमार पाण्डेय



एसपी का स्वागत करते हुए व्यापारी अभय बाफना



विधायक विक्रम का स्वागत करते हुए आईएनएच संवाददाता गौरव श्रीवास्तव